# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

**राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2022 (STSE–2022) कक्षा – 10**
**राज्य स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2022) कक्षा – 12**
**राज्य स्तरीय कला एवं वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2022) कक्षा – 12**

**STATE TALENT SEARCH EXAMINATION - 2022 हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी निर्देश :–**

कक्षा–10 तथा कक्षा–12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु **राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2022 (STSE–2022) का आयोजन रविवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक** सभी जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन करने की तिथियां निम्नानुसार है :–

| परीक्षा शुल्क (समयावधि अनुसार) | ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंक चालान मुद्रण करने की अंतिम तिथि | मुद्रित चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि | ऑनलाईन आवेदन पत्र की हॉर्ड कापी मय प्रमाणपत्र तथा परीक्षा शुल्क का बैंक चालान एवम परीक्षार्थियों की सूची भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | **सोमवार, 31 अक्टूबर 2022** | **गुरूवार, 03 नवम्बर 2022** | **बुधवार, 16 नवम्बर 2022** |
| विलम्ब शुल्क सहित | **सोमवार, 07 नवम्बर 2022** | **गुरूवार, 10 नवम्बर 2022** | |

**ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय विद्यालय स्तर पर हुई त्रुटि यथा छात्र के पिता, माता के नाम, वर्तनी/फोटो/लिंग/भाषा/वर्ग में केवल ऑनलाईन संशोधन निशुल्क स्वीकार किये जायेगें। ऑनलाईन संशोधन की तिथियां दिनांक 11.11.2022 से दिनांक 15.11.2022 तक रहेगी।**

| **परीक्षा शुल्क :–** | परीक्षार्थी की श्रेणी | बिना विलम्ब शुल्क रू. | विलम्ब शुल्क सहित रू. |
|---|---|---|---|
| (1) सामान्य | | **300/–** | **350/–** |
| (2) अनु.जाति/अनु. जनजाति/बी.पी.एल./निःशक्त/CWSN (प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य) | | **175/–** | **225/–** |

**विद्यालय द्वारा अग्रेषण शुल्क रूपये 20/– प्रति परीक्षार्थी अलग से लिया जायेगा। अन्य बोर्ड से सम्बन्धित विद्यालय आई.डी पासवर्ड प्राप्त करने हेतु एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु I.T. & C शाखा के दूरभाष नं. 0145–2632865, 2627454 एवं ई–मेल द्वारा bser.pwd@gmail.com पर सम्पर्क करें। परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु उपनिदेशक (परीक्षा) से दूरभाष नं. 0145–2425770 पर एवं ई–मेल stse.bser@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है। STSE 2022 का पाठ्यक्रम, विस्तृत विज्ञप्ति व अन्य जानकारी बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।**

**सचिव**

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

**राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2022 (STSE - 2022) कक्षा – 10**
**राज्य स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE - 2022) कक्षा – 12**
**राज्य स्तरीय कला एवं वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE - 2022) कक्षा – 12**

## STATE TALENT SEARCH EXAMINATION - 2022 हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी निर्देश :–

**क्रमांक : सैल–7 / STSE –2022 / 01** **दिनांक : .10.2021**

1. कक्षा–10 तथा कक्षा–12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2022 (STSE–2022) का **आयोजन रविवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक** राजस्थान राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। **इस परीक्षा के निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।**
2. इस परीक्षा में राजस्थान के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेन्ट, निजी, सरकारी, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित) में सत्र 2022–2023 में नियमित रूप से कक्षा–10 एवं कक्षा–12 में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश योग्य होगें जिन्होनें क्रमशः कक्षा 9 एवं कक्षा–11 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो।
3. इस परीक्षा में राजस्थान सरकार के सरकारी विद्यालयों एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षा के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग में न्यूनतम 80 प्रतिशत प्राप्तांक वाले प्रथम 50–50 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा कक्षा 11 एवं 12 हेतु रूपये 1250/– प्रतिमाह तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्राप्त करने तक रूपये 2000/– प्रतिमाह छात्रवृत्ति देय होगी। जिन परीक्षार्थियों का चयन छात्रवृत्ति हेतु उपरोक्त परीक्षा की कक्षा 10 स्तर पर हो जाएगा, उन्हें पुनः कक्षा 12 के स्तर की उक्त परीक्षा में प्रविष्ट होने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें स्नातकोत्तर तक नियमित अध्ययन करने पर ही छात्रवृत्ति देय होगी। चयनित विद्यार्थी यदि पूर्व में अन्य कोई छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहा है, तो वह केवल एक ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगा।
4. उक्त परीक्षा में कक्षा–10 एवं कक्षा–12 (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग) के राज्य स्तर पर योग्यता सूची में पृथक–पृथक प्रथम 20–20 चयनित विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एकमुश्त राशि 4,000/–रू तथा शेष 19 विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि 2,000/–रू. प्रोत्साहन स्वरूप देय होगी।
5. जिन परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है, उनको स्कॉलर सर्टिफिकेट तथा जिन परीक्षार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये हैं, उन परीक्षार्थियों को विशेष योग्यता प्रमाण–पत्र (DISTINCTION CERTIFICATE) भी दिया जायेगा।
6. केवल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10 वीं तथा कक्षा 12 वीं के प्रत्येक वर्ग में राज्य स्तरीय योग्यता सूची में प्रथम 20–20 चयनित विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एकमुश्त राशि 4,000/– रू. तथा शेष 19 विद्यार्थियों को एकमुश्त 2,000/– रू. प्रोत्साहन राशि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा देय होगी।
7. कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की उक्त परीक्षा पृथक–पृथक ली जाऐगी। यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (MULTIPLE CHOICE QUESTIONS) पर आधारित होगी। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग (NEGATIVE MARKING) का प्रावधान नहीं रखा गया है।
8. इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा कक्षा 9 एवं 11 के लिए गत सत्र का संक्षिप्तिकृत (70 प्रतिशत) पाठ्यक्रम (2021–22) का एवं कक्षा 10 व कक्षा 12 के लिए वर्तमान में संचालित सम्पूर्ण पाठ्यक्रम (2022–23) का होगा।
9. कक्षा 10 एवं कक्षा 12 (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग) हेतु यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में ली जायेगी तथा परीक्षार्थी के लिए प्रत्येक सत्र पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। विशेष आवश्यकता वाले परीक्षार्थियों (CWSN) जिनमे LV & TB, HI, SI, MR, CP, ASD, MD, SLD, दृष्टिबाधित तथा लिखने में असक्षम परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय दिया जाएगा। सभी प्रश्नों के लिये 1 अंक निर्धारित है। परीक्षा संबंधी विवरण निम्नानुसार है :–

| सत्र | परीक्षा का नाम | प्रश्न सं. | अंक | समय | दृष्टिबाधित, लिखने में असक्षम एवं CWSN अभ्यर्थियों हेतु समय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम सत्र | बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MAT) | 50 प्रश्न | 50 अंक | प्रातः 9.00 बजे से 9.45 बजे तक | प्रातः 9.00 बजे से 10.00 बजे तक |
| द्वितीय सत्र | भाषा योग्यता परीक्षा (LCT) | 40 प्रश्न | 40 अंक | प्रातः 10.15 बजे से 11.00 बजे तक | प्रातः 10.15 बजे से 11.15 बजे तक |
| तृतीय सत्र | शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | 90 प्रश्न | 90 अंक | प्रातः 11.30 बजे से मध्यान्ह 01.00 बजे तक | प्रातः 11.30 बजे से मध्यान्ह 01.30 बजे तक |

10. कक्षा–10 की शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) हेतु 90 प्रश्नों का अंक विभाजन इस प्रकार रहेगा :–
    भौतिक विज्ञान– 25 प्रश्न, रसायन विज्ञान–25 प्रश्न, जीव विज्ञान–20 प्रश्न, गणित–20 प्रश्न ।
11. **कक्षा–12 की शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) हेतु परीक्षार्थियों द्वारा दिये गये वर्ग विकल्प यथा विज्ञान/वाणिज्य/कला वर्ग में वैकल्पिक विषय यथा विज्ञान वर्ग के अन्तर्गत – गणित/जीव विज्ञान, वाणिज्य वर्ग के अन्तर्गत – अर्थशास्त्र/गणित, एवं कला वर्ग के अन्तर्गत– अर्थशास्त्र /गणित विषय में से एक विषय का चयन करना होगा जिसका उल्लेख परीक्षा आवेदन पत्र में अनिवार्यतः करना होगा तद्नुसार ही परीक्षार्थी को OMR शीट में अंकन करना होगा। वर्ग अनुसार एवं विषयवार अंक विभाजन इस प्रकार रहेगा :–**
    (A) विज्ञान वर्ग हेतु :– भौतिक विज्ञान–30 प्रश्न, रसायन विज्ञान–30 प्रश्न, जीव विज्ञान अथवा गणित–30 प्रश्न।
    (B) वाणिज्य वर्ग हेतु :– लेखा शास्त्र–30 प्रश्न, व्यवसाय अध्ययन –30 प्रश्न, अर्थशास्त्र अथवा गणित–30 प्रश्न।
    (C) कला वर्ग हेतु :– इतिहास–23 प्रश्न, भूगोल–23 प्रश्न, राजनीति विज्ञान–23 प्रश्न, अर्थशास्त्र अथवा गणित–21 प्रश्न।
12. योग्यता सूची में चयन तीनों ही प्रश्न–पत्रों (MAT, LCT, SAT) में प्राप्तांकों के योग के आधार पर किया जायेगा।
13. प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगें। परीक्षार्थी को इनमें एक भाषा (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) किसी भी माध्यम से उत्तर दे सकेगा।
14. **आवेदन करने की तिथियाँ :–**

| परीक्षा शुल्क (समयावधि अनुसार) | ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंक चालान मुद्रण करने की अंतिम तिथि | मुद्रित चालान द्वारा बैंक मे शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि | ऑनलाईन आवेदन पत्र की हॉर्ड कापी मय प्रमाण पत्र तथा परीक्षा शुल्क का बैंक चालान एवम परीक्षार्थियों की सूची भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | **सोमवार, 31 अक्टूबर 2022** | **गुरूवार, 03 नवम्बर 2022** | **बुधवार, 16 नवम्बर 2022** |
| विलम्ब शुल्क सहित | **सोमवार, 07 नवम्बर 2022** | **गुरूवार, 10 नवम्बर 2022** | |

**ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय विद्यालय स्तर पर हुई त्रुटि यथा छात्र के पिता, माता के नाम, वर्तनी/फोटो/लिंग/भाषा/वर्ग में केवल ऑनलाईन संशोधन निशुल्क स्वीकार किये जायेगें। ऑनलाईन संशोधन की तिथियां दिनांक 11.11.2022 से दिनांक 15.11.2022 तक रहेगी।**

15. **परीक्षा शुल्क :–**

| परीक्षार्थी की श्रेणी | बिना विलम्ब शुल्क रू. | विलम्ब शुल्क सहित रू. |
|---|---|---|
| (1) सामान्य | **300/–** | **350/–** |
| (2) अनु.जाति/अनु. जनजाति/बी.पी.एल./निःशक्त/CWSN का प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। | **175/–** | **225/–** |

**नोट :– परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा अग्रेषण शुल्क रूपये 20/– प्रति परीक्षार्थी अलग से लिया जायेगा।**

16. परीक्षार्थियों को SC/ST/BPL का सक्षम अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र तथा निशक्त/CWSN/दिव्यांग परीक्षार्थी को राजकीय चिकित्सालय का सक्षम चिकित्सा अधिकारी से जारी प्रमाण–पत्र की फोटो प्रति संस्था प्रधान द्वारा सत्यापित कर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन स्कैन कर अपलोड किये जाए तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर बोर्ड को प्रेषित करें। उक्त प्रमाण पत्र के अभाव में सामान्य परीक्षार्थी की श्रेणी में आवेदन करना होगा।
17. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया :–**
    ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी। सभी विद्यालयों को बोर्ड द्वारा वर्ष 2022 हेतु आवंटित Login ID तथा Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाए जाने हैं। अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने की कार्यवाही करें। आवेदन पत्र का नमूना माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क जमा चालान की प्रतियों, विद्यार्थियों की सूची एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय संलग्नकों सहित प्रमाणीकरण पश्चात निर्धारित समयान्तर्गत स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अनिवार्य हैं।
18. **अन्य बोर्ड से सम्बन्धित विद्यालय आई.डी एवं पासवर्ड प्राप्त करने हेतु I.T. & C शाखा के दूरभाष नं. 0145–2632865, 2627454 पर सम्पर्क करें अथवा bser.pwd@gmail.com पर ई–मेल करे। अन्य तकनीकी जानकारी हेतु उप निदेशक – I.T. & C (ए.सी.पी.) से दूरभाष न. 0145–2632865 पर सम्पर्क करें।**
19. **राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2022 के पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से ली जा सकती है।**
20. परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर एवं उप निदेशक (परीक्षा) से दूरभाष नं. 0145–2425770 पर एवं **ई–मेल stse.bser@gmail.com द्वारा सम्पर्क किया जा सकता है।**

**सचिव**

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड. राजस्थान. अजमेर

## राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2022) कक्षा – 10

## आवेदन पत्र

आवेदन पत्र कमांक .............

शुल्क विवरण

| शुल्क रू. | रसीद सं. | दिनांक | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | | | |

(अ) विद्यालय विवरण (School Detail) :–

1. **District Name :-** ……………………………………………………………………………………
2. **School Name and address (in English)** ……………………………………………………………
   ……………………………………………………………………………………………………………
   ……………………………………………… **School Code** …………….. **Pin Code** …………….
3. **Tel.No.** ……………………………………………… **Mob.No.** ……………………………………..
   **Email** ……………………………………………………………………………………………..
4. विद्यालय की किस बोर्ड से सम्बद्वता है : मा.शि.बो.राज. ☐ केन्द्रीय बोर्ड ☐ अन्य बोर्ड ☐
5. विद्यालय का प्रकार – राजकीय ☐ मॉडल ☐ केन्द्रीय ☐ नवोदय ☐ सैनिक ☐ निजी ☐

(ब) परीक्षार्थी का विवरण (**Candidate Details**) :-

1- **Candidate's Name** (परीक्षार्थी का नाम ) ……………………………………………………….
2- **Mother's Name** (माता का नाम )………………………………………………………………..
3- **Father's Name** (पिता का नाम )………………………………………………………………
4- **Date Of Birth** (जन्म दिनांक) अंकों में …………………… शब्दों में ..........................................................................
5- लिंग :– पुरूष ☐ महिला ☐
6- परीक्षा का माध्यम :– हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐
7- जाति :– सामान्य ☐ अल्पसंख्यक ☐ अनु.जाति ☐ अनु.जन जाति ☐ अन्य पिछडी जाति ☐
8- निःशक्त जन :– दृष्टिहीन ☐ दिव्यांग ☐ मूक बधिर ☐
9- CWSN के अन्तर्गत आने वाले दिव्यांग :– LV & TB (लो विजन एवं पूर्ण दृष्टिबाधित) ☐ HI/SI (श्रवण बाधित/वाणी बाधित) ☐ MR/ASD (मानसिक विमन्दित/ऑटिज्म) ☐ CP (सेरेब्रल पाल्सी) ☐ MD (बहुविकलांग) ☐ SLD (विशिष्ट अधिगम अक्षमता) ☐
10- बी.पी.एल. हाँ ☐ नहीं ☐
11- **LCT** पेपर में भाषा का चयन :– हिन्दी ☐ अथवा अंग्रेजी ☐
12- **Address** ( परीक्षार्थी का पूर्ण पता )
    **House No./Street / Place Name** (मकान नं./गली नं./स्थान) :– ..........................................................................
    **Village / Town/City** (गॉव/कस्बा/शहर ) **:-** ------------------------------------------------------------------
    **District** (जिला ) ………………………….. **Pin Code** …………………….**State** ………………..….
13- **Student/Guardian's Mob.No**………………………………………………………………………
    **Student/Guardian's Phone No. STD Code** …………………… **Phone No.** ……………………..
    **Student/Guardian's Email Address** ………………………………………………………..….
14- कक्षा 9 की परीक्षा उत्तीर्ण :– परीक्षा का वर्ष .................रोल नं............................पूर्णाक ................प्राप्तांक ................प्रतिशत..........

| परीक्षार्थी का आवक्ष चित्र<br><br>नोट :– फोटो पर हस्ताक्षर नहीं करें। | Paste New Passport Size Photo | परीक्षार्थी के हस्ताक्षर<br><br>**Use Black Pen/Marker Pen**<br>हस्ताक्षर केवल काली स्याही के पेन अथवा मार्कर से ही करें। |
|---|---|---|

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड. राजस्थान. अजमेर

## राज्य स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2022) कक्षा 12
## राज्य स्तरीय कला एवं वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2022) कक्षा 12

## *आवेदन पत्र*

आवेदन पत्र कमांक .............

शुल्क विवरण

| शुल्क रू. | रसीद सं. | दिनांक | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | | | |

(अ) विद्यालय विवरण (**School Detail**) :–

**01. District Name :-** ……………………………………………………..…….…………………..

**02. School Name and address (in English)** ………………………………………………

…………………………………………………………………………………………………

…………………………………………………….. **School Code** …………….. **Pin Code** ……………

**03. Tel.No.** ………………………………….……... **Mob.No.** ………….……………………………..

**Email** ……………………………………………………………………………………………..

**04.** विद्यालय की किस बोर्ड से सम्बद्वता है : मा.शि.बो.राज. ☐ केन्द्रीय बोर्ड ☐ अन्य बोर्ड ☐

**05.** विद्यालय का प्रकार – राजकीय ☐ मॉडल ☐ केन्द्रीय ☐ नवोदय ☐ सैनिक ☐ निजी ☐

(ब) परीक्षार्थी का विवरण (**Candidate Details**) **:-** **Faculty ( वर्ग) Science** ☐ **Commerce** ☐ **Arts** ☐

**1- LCT** पेपर में भाषा का चयन :– हिन्दी ☐ अथवा अंग्रेजी ☐

**2- SAT** पेपर में वैकल्पिक विषय का चयन :– विज्ञान वर्ग – जीव विज्ञान ☐ अथवा गणित ☐

वाणिज्य वर्ग – अर्थशास्त्र ☐ अथवा गणित ☐

कला वर्ग – अर्थशास्त्र ☐ अथवा गणित ☐

**3- Candidate's Name** (परीक्षार्थी का नाम ) ……………………………………………………..…………

**4- Mother's Name** (माता का नाम )…………………………………………………………………..

**5- Father's Name** (पिता का नाम )………………………………………………………………………..

**6- Date Of Birth** (जन्म दिनांक) अंकों में ………………………शब्दों में ..........................................................................

**7-** लिंग :– पुरूष ☐ महिला ☐

**8-** परीक्षा का माध्यम :– हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

**9-** जाति :– सामान्य ☐ अल्पसंख्यक ☐ अनु.जाति ☐ अनु.जन जाति ☐ अन्य पिछडी जाति ☐

**10-** निःशक्त जन :– दृष्टिहीन ☐ दिव्यांग ☐ मूक बधिर ☐

**11- CWSN** के अन्तर्गत आने वाले दिव्यांग :– LV & TB (लो विजन एवं पूर्ण दृष्टिबाधित) ☐ HI/SI (श्रवण बाधित/वाणी बाधित) ☐

MR/ASD (मानसिक विमन्दित/ऑटिज्म) ☐ CP (सेरेब्रल पाल्सी) ☐ MD (बहुविकलांग) ☐ SLD (विशिष्ट अधिगम अक्षमता) ☐

**12-** बी.पी.एल. हाँ ☐ नहीं ☐

**13- Address (** परीक्षार्थी का पूर्ण पता **)**

**House No./Street / Place Name** (मकान नं./गली नं./स्थान) :– ..........................................................................................

**Village / Town/City** (गॉव/कस्बा/शहर ) **:-** -------------------------------------------------------------------

**District** (जिला ) ………………………….. **Pin Code** ……………………**State** ………………..….

**14- Student/Guardian's Mob.No**…………………………………………………………………

**Student/Guardian's Phone No. STD Code** ……………………. **Phone No.** ……………………..

**Student/Guardian's Email Address** ……………………………………………………………...

**15-** कक्षा 11 की परीक्षा उत्तीर्ण :– परीक्षा का वर्ष ....................रोल नं.........................पूर्णांक ..................प्राप्तांक ..............प्रतिशत.............

| परीक्षार्थी का आवक्ष चित्र<br><br>नोट :– फोटो पर हस्ताक्षर नहीं करें। | Paste New Passport Size Photo | परीक्षार्थी के हस्ताक्षर<br><br>**Use Black Pen/Marker Pen**<br>हस्ताक्षर केवल काली स्याही के पेन अथवा मार्कर से ही करें। |
|---|---|---|

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

**राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE-2022) — कक्षा 10**

**राज्य स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE-2022)— कक्षा 12**

**राज्य स्तरीय कला एवं वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE-2022) — कक्षा 12**

**(कक्षा–10 तथा कक्षा 12 में अध्ययनरत् नियमित विद्यार्थियों हेतु)**

## निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम

**राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा, 2022 (STATE TALENT SEARCH EXAMINATION - 2022) :—**

इस परीक्षा में राजस्थान के सभी मान्यता प्राप्त (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेन्ट, निजी, सरकारी, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित) विद्यालयों के सत्र 2022–23 में नियमित रूप से अध्ययनरत वह विद्यार्थी जिन्होनें कक्षा 9 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो, वे कक्षा 10 वीं स्तर की परीक्षा में तथा ऐसे विद्यार्थी जिन्होनें कक्षा 11 वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो, वे कक्षा 12 वीं स्तर की उक्त परीक्षा में प्रवेश योग्य होगें। उक्त परीक्षा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की पृथक–पृथक ली जाऐगी।

**छात्रवृत्ति :—**

इस परीक्षा में राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित मॉडल स्कूल सहित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक दोनों स्तर पर पृथक–पृथक प्रथम 50–50 स्थान प्राप्त करने वाले न्यूनतम 80 प्रतिशत अथवा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को कक्षा 11 व 12 तक रूपये 1250/— प्रतिमाह तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की नियमित अध्ययन करने तक रू. 2000/— प्रतिमाह छात्रवृत्ति देय होगी। जिन परीक्षार्थियों का चयन छात्रवृत्ति हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा कक्षा 10 स्तर पर हो गया हो, उन्हें उक्त परीक्षा हेतु पुनः कक्षा 12 की राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रविष्ट होने की आवश्यकता नहीं है। चयनित परीक्षार्थियों को स्नातकोत्तर तक नियमित अध्ययन करने पर ही छात्रवृत्ति देय होगी। चयनित विद्यार्थी यदि पूर्व में अन्य कोई छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहा है, तो वह केवल एक ही छात्रवृत्ति के लिए पात्र होगा। माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर के चयनित प्रथम 50–50 छात्रों के चयन के समय यदि अन्तिम स्थान (50वें स्थान) पर एक से अधिक परीक्षार्थी मैरिट में आते है तो उस स्थिति में निम्न प्रकार से प्रक्रिया अपनाई जायेगी :—

(A) कक्षा 10 एवं कक्षा 12 हेतु समान अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों में से उस परीक्षार्थी का चयन किया जायेगा जिसने बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) में अधिक अंक प्राप्त किये हों।

(B) यदि कक्षा 10 एवं कक्षा 12 (गणित एवं विज्ञान वर्ग) में बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) में भी एक से अधिक समान परीक्षार्थी रह जाते है, तो इनमें से जिन परीक्षार्थियों के विज्ञान (SAT) में अधिक अंक प्राप्त किये हो।

(C) यदि कक्षा 12 (कला एवं वाणिज्य वर्ग) में बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) में एक से अधिक परीक्षार्थी समान अंक के आते है, तो जिन परीक्षार्थियों ने भाषा योग्यता परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) में अधिक अंक प्राप्त किये हो, उसका चयन किया जायेगा।

(D) इसके उपरान्त भी कक्षा 10 व कक्षा 12 में भी यदि एक से अधिक परीक्षार्थी समान अंक के रह जाते है, तो उस स्थिति में जन्म तिथि को आधार मानते हुए जो परीक्षार्थी कम आयु का होगा, उसका चयन किया जायेगा।

**प्रोत्साहन :—**

(A) राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 10 व 12 के राज्य स्तर पर योग्यता सूची में पृथक–पृथक प्रथम 20–20 चयनित विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एकमुश्त राशि 4,000/— रू. तथा शेष 19 विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि 2,000/— रू. प्रोत्साहन स्वरूप देय होगी।

(B) जिन परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है, उनको स्कॉलर सर्टिफिकेट (SCHOLAR CERTIFICATE) तथा जिन परीक्षार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये है, उन परीक्षार्थियों को विशेष योग्यता प्रमाण–पत्र (DISTINCTION CERTIFICATE) भी दिया जायेगा।

(C) केवल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के परीक्षार्थियों को दोनों परीक्षा की योग्यता सूची में पृथक–पृथक प्रथम 20–20 चयनित परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 4000/— एवं शेष 19 परीक्षार्थियों को 2000/— की राशि एक मुश्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा देय होगी।

**पात्रता :—**

राज्य में संचालित सभी मान्यता प्राप्त राजकीय, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित मॉडल स्कूल, निजी, कान्वेंट, केन्द्रीय, नवोदय विद्यालयों के कक्षा 10 एवं 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी अर्थात् जिन्होनें कक्षा 9 तथा 11 उत्तीर्ण की हो तथा जिन्होनें न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों, परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

**परीक्षा विधि :—**

कक्षा 10 एवं कक्षा 12 (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग) हेतु यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में ली जायेगी तथा प्रत्येक सत्र पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। विशेष आवश्यकता वाले परीक्षार्थियों (CWSN) जिनमे LV & TB, HI, SI, MR, CP, ASD, MD, SLD, दृष्टिबाधित तथा लिखने में असक्षम परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय दिया जाएगा। यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (MULTIPLE CHOICE QUESTIONS) पर आधारित होगी। सभी प्रश्नों के लिये 1 अंक निर्धारित है। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग (NEGETIVE MARKING) का प्रावधान नहीं रखा गया है। योग्यता सूची में चयन तीनों ही प्रश्न–पत्रों (MAT, LCT, SAT) में प्राप्तांकों के योग के आधार पर किया जायेगा। परीक्षा संबंधी विवरण निम्नानुसार है :—

प्रथम सत्र :— बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MAT) — 50 प्रश्न, 50 अंक एवं समय 45 मिनट।
द्वितीय सत्र :— भाषा योग्यता परीक्षा (LCT) — 40 प्रश्न, 40 अंक एवं समय 45 मिनट।
तृतीय सत्र :— शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) — 90 प्रश्न, 90 अंक एवं समय 90 मिनट।

**पाठ्यक्रम :–**

(01) STSE कक्षा 10 स्तर की परीक्षा हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा कक्षा 09 का गत वर्ष (2021–22) में सक्षिप्तिकृत (70 प्रतिशत) पाठ्यक्रम एवं कक्षा 10 का वर्तमान में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम (2022–23 का) रहेगा।

(02) STSE कक्षा 12 स्तर की परीक्षा हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा कक्षा 11 का गत वर्ष (2021–22) में सक्षिप्तिकृत (70 प्रतिशत) पाठ्यक्रम एवं कक्षा 12 का वर्तमान में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम (2022–23 का) रहेगा।

**विशेष नोट** :– **राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2022 के पाठ्यक्रम, विस्तृत विज्ञप्ति तथा अन्य जानकारी बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।**

## प्रथम सत्र :– बौद्धिक योग्यता परीक्षा (Mental Ability Test) कक्षा 10 एवं 12 हेतु निम्नानुसार है :–

इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न होंगे, जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। इस परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों की तार्किक क्षमता, सोचने की योग्यता, निर्णय–योग्यता, मूल्यांकन एवं विभेदीकरण आदि की परीक्षा ली जाती है।

1. शाब्दिक प्रश्न

| | |
|---|---|
| अक्षर श्रेणी | कूट–अकूट |
| संख्या श्रेणी | अर्थ–ग्रहण |
| कथन प्रकार | सम्बन्ध |
| वेन–आरेख | क्रम–आरोही–अवरोही, छोटा–बड़ा इत्यादि |
| समानता–असमानता | दिन – दिनांक संबंधी |
| डाइस–टाइप | |

2. अशाब्दिक प्रश्न (चित्रात्मक–समस्यायें)

## द्वितीय सत्र :– भाषा योग्यता परीक्षा (Language Comprehensive Test)कक्षा 10 एवं 12 हेतु निम्नानुसार है :–

परीक्षार्थी को अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में से किसी एक भाषा का चयन कर उससे संबंधित 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न होंगे, जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

**हिन्दी भाषा में** भाषिक योग्यता एवं अभिव्यक्ति क्षमता, शब्दार्थ, मुहावरें, लोकोक्तियां व व्याकरण संबंधी प्रश्न यथा– प्रत्यय, उपसर्ग, संधि, संधि विच्छेद, युग्म–शब्द, पर्यायवाची शब्द, तत्सम् शब्द एवं तद्भव आदि सम्मिलित होंगे।

**अथवा**

**अंग्रेजी भाषा के** प्रश्न पत्र में Vocabulary, Lexical items, Synonyms, Antonyms, Tenses, Modals, Subjective verbs, Active, Passive voices, Prepositions, Narrative के प्रश्न सम्मिलित होंगे।

## तृतीय सत्र :– शैक्षिक योग्यता परीक्षा (Scholastic Aptitude Test) :–

इस प्रश्न पत्र में 90 प्रश्न होंगे, जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। इस परीक्षा में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 स्तरीय परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम उपरोक्तानुसार रहेगा। शैक्षिक योग्यता परीक्षा के प्रश्न पत्र में विषयवार प्रश्नों का विभाजन निम्नानुसार रहेगा :–

**कक्षा–10 हेतु :–** शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) में कुल अंक 90 एवं कुल समय 90 मिनट निर्धारित है :–

| | |
|---|---|
| 1. भौतिक विज्ञान | 25 प्रश्न |
| 2. रसायन विज्ञान | 25 प्रश्न |
| 3. जीव विज्ञान | 20 प्रश्न |
| 4. गणित | 20 प्रश्न |

**कक्षा 12 हेतु :–** शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) में नीचे वर्णित प्रत्येक वर्ग में कुल अंक 90 एवम कुल समय 90 मिनट निर्धारित है :–

(A) **विज्ञान वर्ग हेतु :–**

भौतिक विज्ञान–30 प्रश्न,
रसायन विज्ञान–30 प्रश्न
तथा जीव विज्ञान / गणित–30 प्रश्न

(कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थी गणित अथवा जीव विज्ञान में से एक प्रश्न पत्र लेना होगा)

(B) **वाणिज्य वर्ग हेतु :–**

लेखा शास्त्र–30 प्रश्न,
व्यवसाय अध्ययन –30 प्रश्न
तथा अर्थशास्त्र / गणित–30 प्रश्न

(कक्षा 12 वाणिज्य वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थी अर्थशास्त्र अथवा गणित में से एक प्रश्न पत्र लेना होगा)

(C) **कला वर्ग हेतु :–**

इतिहास–23 प्रश्न,
भूगोल–23 प्रश्न,
राजनीति विज्ञान–23 प्रश्न
तथा अर्थशास्त्र / गणित–21 प्रश्न

(कक्षा 12 कला वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थी अर्थशास्त्र अथवा गणित में से एक प्रश्न पत्र लेना होगा)

## परीक्षा हेतु आवेदन करने की तिथियाँ :–

| परीक्षा शुल्क (समयावधि अनुसार) | विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंक चालान मुद्रण की अंतिम तिथि | मुद्रित चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि | विद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र की हॉर्ड कापी मय प्रमाणपत्र तथा परीक्षा शुल्क का बैंक चालान एवं परीक्षार्थियों की सूची भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | सोमवार, 31 अक्टूबर 2022 | गुरूवार, 03 नवम्बर 2022 | बुधवार, 16 नवम्बर 2022 |
| विलम्ब शुल्क सहित | सोमवार, 07 नवम्बर 2022 | गुरूवार, 10 नवम्बर 2022 | |

**ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय विद्यालय स्तर पर हुई त्रुटि यथा छात्र के पिता, माता के नाम, वर्तनी/फोटो/लिंग/भाषा/वर्ग में केवल ऑनलाईन संशोधन निशुल्क स्वीकार किये जायेगें। ऑनलाईन संशोधन की तिथियां दिनांक 11.11.2022 से दिनांक 15.11.2022 तक रहेगी।**

| **परीक्षा शुल्क** | **परीक्षार्थी की श्रेणी** | **बिना विलम्ब शुल्क रू.** | **विलम्ब शुल्क सहित रू** |
|---|---|---|---|
| (1) सामान्य | | 300/– | 350/– |
| (2) अनु.जाति/अनु.जनजाति/दिव्यांग/बी.पी.एल/निशक्त/CWSN (प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य) | | 175/– | 225/– |

**नोट :–** परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा अग्रेषण शुल्क रूपये 20/– प्रति परीक्षार्थी अलग से लिया जायेगा।

**परीक्षा तिथि :– रविवार, 18 दिसम्बर, 2022**

**केन्द्र पर पहुंचने का समय :– प्रातः 8.00 बजे।**

| **क्र.सं.** | **सत्र** | **समय** | **दृष्टिबाधित, लिखने में असक्षम एवं CWSN अभ्यर्थियों हेतु** |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम सत्र (MAT) बौद्धिक योग्यता परीक्षा | प्रातः 9.00 बजे से 9.45 बजे तक | प्रातः 9.00 बजे से 10.00 बजे तक |
| 2. | द्वितीय सत्र (LCT) भाषा योग्यता परीक्षा | प्रातः 10.15 बजे से 11.00 बजे तक | प्रातः 10.15 बजे से 11.15 बजे तक |
| 3. | तृतीय सत्र (SAT) शैक्षिक योग्यता परीक्षा | प्रातः 11.30 बजे से मध्यान्ह 01.00 बजे तक | प्रातः 11.30 बजे से मध्यान्ह 01.30 बजे तक |

**नोट :–** प्रत्येक प्रश्न पत्र हेतु निर्धारित समयावधि किसी भी दशा में नहीं बढ़ाई जायेगी। विशेष आवश्यकता वाले परीक्षार्थियों (CWSN) जिनमे LV & TB, HI, SI, MR, CP, ASD, MD, SLD, दृष्टिबाधित तथा लिखने में असक्षम परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय दिया जायेगा। दृष्टिबाधित तथा लिखने में असक्षम परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षा के अनुरूप श्रुतिलेखक प्रदान करने की व्यवस्था की जावेगी, जिसकी योग्यता कक्षा–10 हेतु कक्षा–09 में अध्यनरत विद्यार्थी तथा कक्षा–12 हेतु कक्षा–11 में अध्यनरत विद्यार्थी होगा।

**परीक्षा केन्द्र :–** यह परीक्षा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित कराई जावेगी।

**प्रवेश पत्र :–** प्रवेश पत्र विद्यालय प्रधान बोर्ड वेबसाईट से परीक्षा आरम्भ से पूर्व डाउनलोड कर हार्ड कॉपी मुद्रित कर प्रमाणीकरण पश्चात परीक्षार्थियों को वितरित कर सकेगें।

## परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने संबंधी निर्देश

### 01. विद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा निर्देश

01. **उक्त परीक्षा हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार्य है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रधान की होगी।**
02. राजस्थान बोर्ड में सम्बद्वता प्राप्त विद्यालयों को वर्ष 2022 परीक्षा हेतु आवंटित Login ID & Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने है एवं अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर आवेदन पत्र भरने की कार्यवाही करें।
03. आवेदन पत्र का नमूना बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे।
04. संस्था प्रधान परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी की जन्म दिनांक, LCT हेतु भाषा, केटेगरी, घर का पूर्ण पता, ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नं. सही अंकित करें।
05. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थी को संबंधित जाति प्रमाण पत्र, बी.पी.एल. एवं दिव्यांगता (CWSN) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने एवं उसे अपलोड करने पर ही उससे अनु.जाति/अनु. जनजाति/बी.पी.एल./निःशक्त का नियमानुसार परीक्षा शुल्क लिया जावें अन्यथा उक्त प्रमाण पत्र के अभाव में सामान्य परीक्षार्थी की श्रेणी में आवेदन करना होगा।
06. संबंधित जाति कोड (Caste Category), बी.पी.एल और दिव्यांगता कोड (CWSN) का सही उल्लेख आवेदन पत्र में करें तथा उक्त प्रमाण पत्र की सत्यापित फोटो प्रति ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ अनिवार्यतः संलग्न करें।
07. दिव्यांग (CWSN) अभ्यर्थियों को राजकीय चिकित्सालय का सक्षम चिकित्सा अधिकारी से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति अनिवार्यतः प्रस्तुत करनी होगी।
08. परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय संबंधित प्रमाण पत्र, जमा शुल्क चालान की प्रतियों एवं सूची सहित निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अनिवार्य हैं।
09. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय विद्यालय स्तर पर की गई त्रुटि के ऑनलाईन संशोधन हेतु पृथक से दिनांक 11.11.2022 से 15.11.2022 तक का समय प्रदान किया गया है। अतः इसके पश्चात् किसी भी त्रुटि के लिए समस्त जिम्मेदारी संस्था प्रधान एवं संबंधित परीक्षार्थी की होगी।

### 02. आवेदन पत्र भरने की प्रकिया :–

**परीक्षा आवेदन पत्र का रिक्त नमूना बोर्ड की बेवसाईट पर उपलब्ध है, जहाँ से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। इन आवेदन पत्रों की फोटो प्रतियाँ करवाकर इच्छुक अभ्यर्थियों से भरावें। इन पर अभ्यर्थियों का फोटो चिपकाकर काली स्याही से हस्ताक्षर भी करावें। इन परीक्षा आवेदन पत्रों की पूर्ति विद्यालय के रिकार्ड के अनुसार सुनिश्चित कर ले। भरे हुए हस्तलिखित आवेदन पत्रों के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरे जायेंगे।**

(अ) <u>चैकलिस्ट प्राप्त करना :–</u> सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनका अस्थायी आवेदन पत्र **(PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION)** का प्रिन्ट निकलवा लें। इन प्रिन्ट आउट्स की जाँच मूल आवेदन–पत्रों/विद्यालय रिकॉर्ड से भली–भांति कर लें तथा आवश्यक संशोधन करें। अस्थायी आवेदन पत्र **(PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION)** स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**(ब) <u>चालान फार्म व अग्रेषण सूची प्रिण्ट करना :–</u> सभी संशोधन करने के पश्चात Data Lock करने के लिए Data Lock को क्लिक करें। ध्यान रहे Data Lock के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं होगा। ICICI बैंक अथवा बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक द्वारा निर्धारित ऑनलाईन चालान मुद्रित करें। चालान फार्म तथा परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिन्ट करें। एक बार चालान मुद्रित होने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र पुनः भरने के लिये चालान हेतु पूर्वानुसार प्रकिया अपनाई जावें। <u>ध्यान रहे कि चालान निरस्त करने की स्थिति में उस चालान से संबंधित सभी परीक्षा आवेदन–पत्र स्वतः Delete हो जायेंगे।</u>**

## 03. <u>परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु अधिकृत बैंक</u> :–

(अ) **<u>ICICI बैंक में नगद तथा ऑनलाईन दोनो प्रकार से शुल्क जमा कराया जा सकेगा।</u>** विद्यालय द्वारा नगद अथवा ऑनलाईन शुल्क जमा कराये जाने पर कोई <u>बैंक सेवा शुल्क देय नहीं होगा।</u>

(ब) **<u>बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में केवल नकद शुल्क जमा होगा।</u>** राजस्थान राज्य में उक्त बैंक की किसी भी शाखा में विद्यालय द्वारा नकद राशि चालान से राशि जमा कराने पर कोई <u>बैंक सेवा शुल्क देय नहीं होगा ।</u>

**<u>नोटः–</u>** अधिक जानकारी के लिए ICICI बैंक हेतु श्री कमलेश बंसल मो. 9887035845, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हेतु श्री हिमांशु चौहान मो. 9116154033 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## 04. <u>परीक्षा शुल्क जमा कराना</u> :–

(अ) <u>ICICI बैंक द्वारा नगद तथा ऑनलाईन दोनो प्रकार से शुल्क जमा कराया जा सकेगा।</u> Online Challan मुद्रण दिनांक से ही परीक्षा <u>शुल्क ICICI बैंक में नगद/ईन्टरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा कराया जा सकता है।</u>

(ब) <u>बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा परीक्षा शुल्क केवल नकद में जमा किया जायेगा।</u> इस हेतु ऑनलाईन चालान मुद्रण दिनांक से ही परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि में राजस्थान में स्थित उक्त बैंक की किसी भी शाखा में नकद जमा कराना होगा।

(स) परीक्षा शुल्क चालान 4 प्रतियों में मय शुल्क विवरण प्राप्त होगा। चालान के साथ परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची भी दो प्रतियों में मुद्रित की जानी है। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् सभी 04 चालान एवं अग्रेषण सूची की 02 प्रतियों पर बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा सील लगाकर तथा चालान फार्म की 3 प्रतियाँ वापस लौटा दी जायेगी। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा चालान फार्म पर एक Transaction No. अंकित किया जायेगा।

## 05. <u>परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन मुद्रित करना :–</u>

परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् पुनः बोर्ड की वेबसाईट पर Login करें। चालान फार्म पर अंकित Transaction No./Token No. जो कि ICICI बैंक एवं बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा कम्प्यूटर में फीड करके परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड कापी मुद्रित करें। ICICI बैंक एवं बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा जारी ट्रांजेक्शन आई.डी/टोकन नम्बर का सत्यापन होने के बाद ही आवेदन पत्र मुद्रित हो सकेंगे। इन ऑनलाईन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर आपको हस्ताक्षर करने हैं तथा विद्यालय की सील अंकित करनी है।

## 06. <u>मुद्रित आवेदन पत्र, अग्रेषण सूची तथा चालान की प्रतियॉ भिजवाना :–</u>

ICICI बैंक की ऑनलाईन शुल्क की जमा रसीद, बैंक द्वारा सील लगाकर दी गई चालान प्रति एवं बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा सील लगाकर दी गई चालान एवं अग्रेषण सूची की एक फोटो प्रति करवा कर अपने पास सुरक्षित रखें। **<u>भरे हुए आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी के साथ सम्बन्धित जाति प्रमाण पत्र तथा राजकीय चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करते हुए अग्रेषण सूची तथा चालान की दो प्रतियों के साथ निर्धारित समयावधि में ही स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज, अजमेर को भिजवाने का श्रम करें। लिफाफे पर राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा, कक्षा–10 एवं 12 (STSE) परीक्षा – 2022 अवश्य अंकित करें।</u>**

## 07. <u>एक से अधिक बार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :–</u>

दुबारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने के लिये पुनः उपरोक्त प्रक्रिया (बिन्दु 01 से 06) तक पुनः अपनावें।

## 08. <u>उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर.शीट) भरने के सामान्य निर्देश</u> :–

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) कार्बन प्रति सहित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी। कार्बन प्रति को परीक्षा उपरान्त परीक्षार्थी को साथ ले जाने की अनुमति दी जावें।

परीक्षार्थी एवं केन्द्राधीक्षक यह विशेष ध्यान रखें कि उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण इसे मोड़े एवं फाड़े नहीं तथा इस पर किसी प्रकार की पिन या ऑलपिन को काम में नहीं लेवें। इसके अतिरिक्त OMR शीट का दुरूपयोग नहीं करें।

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) के प्रत्येक चौखाने ☐ में नीले/काले बॉल पेन से लिखना है तथा प्रत्येक ◯ गोले को नीले/काले बॉल पेन से गहरा करना है। चौखाने ☐ में लिखने में केवल केपिटल लेटर्स या अंक का प्रयोग करें। प्रत्येक चौखाने के नीचे उसी से संबंधित अक्षर या अंक वाले गोले ◯ को नीले/काले बॉल पेन से पूर्णतः गहरा करें।

उत्तर पत्रक में सही विकल्प को गहरा काला नहीं करने की स्थिति में स्कैनर द्वारा नहीं पढ़ें जाने पर परीक्षार्थी स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

01. **<u>इस परीक्षा में परीक्षार्थी का उत्तर गलत होने पर प्राप्तांकों से अंक नहीं काटे जायेंगे अर्थात Negative Marking नहीं होगी।</u>**
02. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी तकनीकी जानकारी हेतु तथा अन्य बोर्ड से सम्बन्धित विद्यालय आई.डी एवं पासवर्ड सम्बन्धी कार्य हेतु I.T. & C शाखा के फोन नं. 0145–2632865, 2627454 एवं <u>**bser.pwd@gmail.com** पर</u> ई–मेल करें।
03. <u>राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2022 से संबंधित अन्य जानकारी हेतु **stse.bser@gmail.com** पर ई–मेल करें।</u>
04. परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर एवं उप निदेशक (परीक्षा–प्रथम) से दूरभाष न. 0145–2425770 तथा उप निदेशक – I.T. & C (ए.सी.पी.) से दूरभाष न. 0145–2632865 पर सम्पर्क करें।

**सचिव**
**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान**
**अजमेर**